कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।
ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(1805)गृरमु / पीएसएएल / 2020 / 10261-63 दिनाकः– 28 SEP 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स हित कारनी सिक्यूरिटी सर्विसेज जैसलमेर लाईसेन्स संख्या 1429 / 2017 दिनांक 08.06.2017 वैद्यता 07.06.2022 (निजी सुरक्षा अभिकरण) का प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 16 के तहत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3187 दिनांक 06.02.2020 द्वारा निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर से निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उक्त अभिकरण में पाई गई अनियमितता के कारण इस लाईसेन्स को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 4816–17 दिनांक 27.03.2020 द्वारा एक माह के लिये निलम्बित कर अनुज्ञाधारक श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भोम सिंह निवासी गांव–पिथला, जिला–जैसलमेर को कार्यालय पत्र क्रमांक 4818 दिनांक 27.03.2020 के द्वारा नियमों का उल्लघंन करने पर कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया। निलम्बन का प्रश्न अव्धरित नहीं होने के कारण उक्त अभिकरण का निलम्बन आगे बढाया गया।

अनुज्ञाधारक द्वारा 15.04.2020 को इस कार्यालय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। इनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण तर्कसंगत व संतोषजनक नहीं पाये जाने पर इनको व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। श्री राजेन्द्र सिंह दिनांक 02.06.2020 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु इस कार्यालय में उपस्थित हुये। इनके द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के समय एजेन्सी कार्यालय व प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण का कार्य चल रहा था। परन्तु उनके द्वारा अब अभिकरण में पाये गये समस्त आक्षेपो की पूर्ति कर दी गई है व पुनः निरीक्षण कराने का अनुरोध किया गया। जिसे स्वीकार किया जाकर उक्त निजि सुरक्षा अभिकरण का निरीक्षण करने हेतु गण समादेष्टा, सीमा गृह रक्षा दल, जैसलमेर को अधिकृत किया गया। गण समादेष्टा, सीमा गृह रक्षा दल, जैसलमेर से प्राप्त निरीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त अभिकरण द्वारा वर्तमान में प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 के सभी प्रावधानों व राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियमों की पालना की जा रही है। अतः उक्त अभिकरण के लाईसेन्स 1429 / 2017 दिनांक 08.06.2017 वैद्यता 07.06.2022 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को पुनः बहाल किया जाता है।

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भोम सिंह निवासी गांव–पिथला, जिला–जैसलमेर कार्यालय पता ए–1, पुलिस लाईन, कच्ची बस्ती, श्री तनाश्रम के पास, जैसलमेर।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अद्यतन (अपलोड) करने बाबत।

28.9.2020

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर